भारत सरकार
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय
भारत मौसम विज्ञान विभाग
मौसम विज्ञान केंद्र, अनिसाबाद
पटना बिहार - 800002
दुरभाष-**0612-2252356**
ई-मेल:**mc.patna@imd.gov.in**,
wspatna@gmail.com

GOVERNMENT OF INDIA
Ministry of Earth Sciences
India Meteorological Department
Meteorological Centre, Anisabad,
Patna, Bihar -800002
Telephone:0612-2252356
E-mail : mc.patna@imd.gov.in,
wspatna@gmail.com

जारी करने की तिथि /Date of Issue: 12.11.2026

(बिहार प्रदेश का विस्तारित अवधि पूर्वानुमान / EXTENDED RANGE FORECAST FOR THE STATE OF BIHAR)

वर्तमान स्थिति तथा अगले दो सप्ताह के लिए मौसम का दृष्टिकोण / **Current weather status & outlook for next two weeks (13 नवंबर 2026 – 26 नवंबर 2026)**

1. पिछले सप्ताह (06 नवंबर 2026 – 12 नवंबर 2026) का वास्तविक मौसम / REALISED WEATHER OF PAST WEEKS

वर्षा	इस सप्ताह के दौरान प्रदेश में वर्षा सामान्य से कम रही ।

जिलेवार वर्षा (बिहार)

	साप्ताहिक वर्षा परिदृश्य /Weekly Rainfall Scenario (06 नवंबर 2026 – 12 नवंबर 2026)			मानसूनोत्तर ऋतु वर्षा परिदृश्य / Seasonal Rainfall Scenario (01 अक्टूबर 2026 से 12 नवंबर 2026)		
जिला / **District**	वास्तविक	सामान्य	% प्रस्थान	वास्तविक	सामान्य	% प्रस्थान
अररिया /Araria	0	2	-100	24.3	69.4	-65
अरवल /Arwal	0	1.3	-100	69.4	33.4	108
औरंगाबाद / Aurangabad	0	2.4	-100	56.8	47.4	20
बांका / Banka	0	2.5	-100	31.3	72.2	-57
बेगुसराय / Begusarai	0	2.4	-100	84.2	56.9	48
कैमूर / Kaimur	0	1.7	-100	46.4	37.8	23
भागलपुर / Bhagalpur	0	3.4	-100	23	96.6	-76
भोजपुर / Bhojpur	0	2.1	-100	71.1	52.1	36
बक्सर / Buxar	0	2.3	-100	83	43.7	90
दरभंगा /Darbhanga	0	1.2	-100	87.4	55.9	56
पूर्वी चंपारण / East Champaran	0	2.1	-100	56.4	66.1	-15
गयाजी / Gayaji	0	2.5	-100	41.1	50	-18
गोपालगंज / Gopalganj	0	2.3	-100	43.8	47.8	-8
जहानाबाद / Jehanabad	0	1.7	-100	70.5	35.2	100
जमुई / Jamui	0	3.1	-100	39.1	66.6	-41
कटिहार/ Katihar	0	1.7	-100	27.8	90.7	-69
खगरिया / Khagaria	0	2.6	-100	35.7	69.6	-49
किशनगंज / Kishanganj	1	0.9	7	69.2	87.2	-21
लखिसराय / Lakhisarai	0	1.8	-100	75.1	48.7	54
मधेपुरा / Madhepura	0	2.7	-100	24.5	66.8	-63
मधुबनी/ Madhubani	0	0.8	-100	88.3	56.2	57
मुंगेर / Munger	0	2.5	-100	46.6	68.5	-32
मुजफ्फरपुर / Muzaffarpur	0	1.2	-100	60.9	56.7	7
नालंदा / Nalanda	0	2.2	-100	61.8	49.5	25
नवादा/ Nawada	0	2.4	-100	60.2	60.3	0
पटना/ Patna	0	1.9	-100	65.7	53.5	23
पूर्णिया/ Purnea	0	2.1	-100	17.4	94.8	-82
रोहतास/ Rohtas	0	2.4	-100	61.1	38.7	58
सहरसा/ Saharsa	0	2.4	-100	39.5	68.6	-42
समस्तीपुर/ Samastipur	0	2.2	-100	124.9	61.9	102
सारण / Saran	0	1.4	-100	49.7	56.8	-13
शेखपुरा/ Sheikhpura	0	1.9	-100	77.5	55.4	40
शिवहर/ Sheohar	0	1.4	-100	46.4	51.6	-10
सीतामढ़ी/ Sitamarhi	0	0.5	-100	86.3	57.6	50
सिवान/ Siwan	0	3.4	-100	75.1	52.7	43
सुपौल/ Supaul	0	1.5	-100	23.7	66.7	-64
वैशाली/ Vaishali	0	1.2	-100	74.9	55.1	36
पश्चिमी चंपारण/ West champaran	0	2.2	-100	78.1	61.1	28
बिहार / Bihar	0	2	-99	57	60.3	-5

वास्तविक वर्षा मानचित्र /REALISED RAINFALL MAP

साप्ताहिक वर्षा मानचित्र (06 नवंबर 2026 – 12 नवंबर 2026)	मानसूनोत्तर ऋतु वर्षा मानचित्र 01 अक्टूबर 2026 से 12 नवंबर 2026)

INDIA METEOROLOGICAL DEPARTMENT

MC PATNA

INDIA METEOROLOGICAL DEPARTMENT

MC PATNA



❖ पहला सप्ताह (13 नवंबर 2026 - 19 नवंबर 2026) के लिए वर्षा का पूर्वानुमान।

- पहले सप्ताह के दौरान पूरे राज्य का मौसम शुष्क रहने की संभावना है ।
- संचयी रूप से पहले सप्ताह के दौरान पूरे राज्य मे वर्षा सामान्य रहने की संभावना है।





❖ दूसरा सप्ताह (20 नवंबर 2026 - 26 नवंबर 2026) के लिए वर्षा का पूर्वानुमान।

- दूसरा सप्ताह के दौरान पूरे राज्य का मौसम शुष्क रहने की संभावना है ।
- संचयी रूप से दूसरा सप्ताह के दौरान पूरे राज्य मे वर्षा सामान्य रहने की संभावना है।





❖ पहला सप्ताह (13 नवंबर 2026 - 19 नवंबर 2026) के लिए अधिकतम तापमान का पूर्वानुमान।

- पहले सप्ताह के दौरान राज्य के अधिकांश हिस्सों में अधिकतम तापमान **30-32°C** रहने की संभावना है ।
- पहले सप्ताह के दौरान राज्य के उत्तर- पूर्वी भाग के अधिकांश जिलों का अधिकतम तापमान सामान्य से 2-4°C अधिक जबकि राज्य के शेष भाग का सामान्य रहने की संभावना है ।





❖ दूसरा सप्ताह (20 नवंबर 2026 - 26 नवंबर 2026) के लिए अधिकतम तापमान का पूर्वानुमान।

- दूसरा सप्ताह के दौरान राज्य के दक्षिण मध्य एवं दक्षिण पश्चिम के अनेक जिलों में अधिकतम तापमान 26 -28°C रहने की संभावना है जबकि राज्य के शेष भाग का अधिकतम तापमान 28-30°C रहने की संभावना है ।
- दूसरा सप्ताह के दौरान राज्य के उतरी पूर्वी भाग के कुछ जिलों के अधिकतम तापमान मे 2-4°C की बृद्धि जबकि राज्य के शेष भाग मे अधिकतम तापमान सामान्य रहने की संभावना है ।





❖ पहला सप्ताह (13 नवंबर 2026 - 19 नवंबर 2026) के लिए न्यूनतम तापमान का पूर्वानुमान।

- पहले सप्ताह के दौरान प्रदेश के पूर्वी एवं उतर मध्य भाग के अधिकांश हिस्सों में न्यूनतम तापमान 18-**20 °C** जबकि शेष भाग मे **16 -18°C** रहने की संभावना है **।**
- पहले सप्ताह के दौरान राज्य के पूर्वी एवं उतरी भाग के अधिकांश हिस्सों में न्यूनतम तापमान मे **02-04°C** की बृद्धि जबकि शेष भाग मे सामान्य रहने की संभावना है।



❖ दूसरा सप्ताह (20 नवंबर 2026 - 26 नवंबर 2026) के लिए न्यूनतम तापमान का पूर्वानुमान।

- दूसरा सप्ताह के दौरान प्रदेश के पूर्वी भाग के अधिकांश हिस्सों में न्यूनतम तापमान 14 -16**°C** जबकि प्रदेश के शेष भागों मे **12-14°C** रहने की संभावना है।
- दूसरा सप्ताह के दौरान पूरे राज्य के अधिकांश हिस्सों में न्यूनतम तापमान सामान्य रहने की संभावना है।



उपर्युक्त पूर्वानुमान के आलोक में किसानों के लिए सुझाव :-

सामान्य सलाह :-

- किसानो को सलाह दी जाती है | कि वे पिछले सप्ताह का मौसम और मौसम पूर्वानुमान ,और कृषि मौसम परामर्श प्राप्त करने के लिए "मेघदूत ऐप " और बिजली गिरने की जानकारी प्राप्त करने के लिए "दामिनी ऐप " डाउन लोड करे | बदलते मौसम में पशुओं का विशेष ध्यान रखे , पशु व पशुशाला को साफ सुथरा रखे | पशुओं को हमेशा स्वच्छ एवं ताजा पानी दिन में कई बार पिलाए | मौसम चेतावनी को देखते हुए पशुओं को पेड़ो के निचे न बाधे | और तैयार फसलो कि कटाई कर उचित स्थान पर भण्डारित करे | व ख़राब मौसम में घर से बाहर न निकले |
- किसानों को रबी फसलों की समय पर बुआई सुनिश्चित करने के लिए खेत की तैयारी शुरू करने तथा गुणवत्तापूर्ण बीज एवं अन्य आवश्यक कृषि सामग्री की पहले से व्यवस्था करने की सलाह दी जाती है। मसूर,मटर, लहसुन, धनिया, सरसों, सूरजमुखी, राजमा एवं मेथी की बुआई के लिए खेत तैयार करें। मिट्टी में पोषक तत्वों की उपलब्धता एवं जल उपयोग दक्षता बढ़ाने के लिए अच्छी तरह सड़ी हुई गोबर की खाद 150–200 क्विंटल प्रति हेक्टेयर की दर से डालें। मिट्टी की नमी बनाए रखने के लिए उचित जुताई एवं पाटा लगाएं। मिर्च, फूलगोभी, बैंगन, खरीफ प्याज, भिंडी, कद्दू, तुरई एवं खीरा जैसी सब्जियों में नियमित रूप से खेत की निगरानी एवं समय पर निराई-गुड़ाई करें। सफेद मक्खी एवं अन्य रस चूसक कीटों का प्रकोप दिखाई देने पर थायमेथोक्सम @ 2.0 ग्राम प्रति 10 लीटर पानी की दर से छिड़काव करें।

फ़सल विशिष्ट सलाह

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
मसूर	मसुर के मल्लिका(के0-75), अरुण (पी0एल0 77-12), बी0आर0-25 के0एल0एस0- 218, एच0यू0एल0-57, पी0एल0-5 एवं डब्लू0वी0एल0 77 किस्मों की बुआई करें। बुआई के समय खेत की जुताई में 20 किलोग्राम नेत्रजन, 45 किलोग्राम फॉसफोरस, 20 किलोग्राम पोटास एवं 20 किलोग्राम सल्फर का व्यवहार करें।
मक्का	आने वाले दिनों में मौसम शुष्क रहेगा , जिनकी मक्का की फसल पक कर तैयार है वो सही समय पर कटाई करे। और अगर रवि मक्का की बुआई करनी है अभी बुआई को रोके ।मौसम साफ होने पर बुआई करे	
गाजर	मध्यम अवधि वाली गाजर की किस्मों काशी कृष्णा, पूसा जामुनी, पूसा रुधिरा, पूसा असिता, अर्का सूरज, पूसा केसर, पूसा मथाली एवं पूसा यमदागिनी की बुआई करें। बीज दर 4-5 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर तथा दूरी 30 × 10 सेंटीमीटर रखें। अच्छी उपज के लिए 150-200 क्विंटल अच्छी तरह सड़ी कम्पोस्ट, 60 किलोग्राम नाइट्रोजन, 40 किलोग्राम फॉस्फोरस एवं 40 किलोग्राम पोटाश प्रति हेक्टेयर खेत की तैयारी के समय मिट्टी में मिला दें।

रबी मक्का		किसानों को सलाह दी जाती है कि वे खेत में पर्याप्त नमी की अनुकूल स्थिति होने पर रबी मक्का की बुआई करें। खेत की तैयारी के दौरान अच्छी तरह सड़ी हुई कम्पोस्ट खाद @ 100 क्विंटल प्रति हेक्टेयर की दर से डालें। मक्का की अनुशंसित उर्वरक मात्रा 150 किग्रा नाइट्रोजन, 75 किग्रा फॉस्फोरस एवं 50 किग्रा पोटाश प्रति हेक्टेयर है। बुआई के समय 60 किग्रा नाइट्रोजन तथा फॉस्फोरस एवं पोटाश की पूरी मात्रा आधार उर्वरक (बेसल डोज) के रूप में डालें। इसके बाद पहली ऊपरिवेशन के समय 50 किग्रा तथा भुट्टे में धनवाल निकलने के समय 40 किग्रा नाइट्रोजन प्रति हेक्टेयर की दर से डालें। इसके अतिरिक्त, 25 किग्रा जिंक सल्फेट प्रति हेक्टेयर का प्रयोग भी करें। उत्तर बिहार के लिए अनुशंसित संकर मक्का की किस्में हैं– शक्तिमान-1 (सफेद), शक्तिमान-2 (सफेद), शक्तिमान-3 (पीला), शक्तिमान-4 (पीला), शक्तिमान-5 (पीला), गंगा-11 (नारंगी-पीला), राजेन्द्र शंकर मक्का-1, राजेन्द्र शंकर मक्का-2, राजेन्द्र शंकर मक्का-4 तथा राजेन्द्र शंकर मक्का दीपज्वाला। वहीं, संकुल (कम्पोजिट) किस्मों में देवकी (सफेद), लक्ष्मी (सफेद) एवं सुवान (पीला) प्रमुख हैं। मक्का की बुआई के लिए 20 किग्रा बीज प्रति हेक्टेयर की दर से प्रयोग करें। कतार से कतार एवं पौधे से पौधे की दूरी क्रमशः 60 × 20 सेमी रखें तथा बीज को 4–5 सेमी की गहराई पर बोएं। बुआई से पहले बीज को थिरम @ 2.5 ग्राम प्रति किग्रा बीज की दर से उपचारित अवश्य करें।
पत्तागोभी		पत्तागोभी की बुआई पूरी कर लें। अनुशंसित किस्में पूसा ड्रम हेड एवं पूसा अगेती हैं। बीज दर लगभग 500 ग्राम प्रति हेक्टेयर रखें तथा 50-60 × 40-50 सेंटीमीटर की दूरी रखें। अच्छी उपज के लिए खेत की तैयारी के समय 20-25 टन गोबर की खाद, 120 किलोग्राम नाइट्रोजन, 80 किलोग्राम फॉस्फोरस एवं 80 किलोग्राम पोटाश प्रति हेक्टेयर प्रयोग करें।

गाय पालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन विशिष्ट सलाह

गाय		पशुओं को स्वच्छ, सूखी और हवादार जगह पर रखें ताकि संक्रमण एवं ठंड से बचाव हो सके। उन्हें नियमित रूप से पौष्टिक एवं संतुलित आहार दें, साथ ही पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ पानी उपलब्ध कराएँ। ठंड बढ़ने की स्थिति में शाम के समय पशुशाला को बोरे, तिरपाल या पर्दे से ढकें और बिछावन के लिए सूखी भूसी या पुआल का प्रयोग करें ताकि पशु स्वस्थ और उत्पादक बने रहें।

Prepared by: Shri Deepak Kumar, Met-A **Forecast Issued by: Dr. Anand Shankar, Sc-D**

अगला बुलेटिन 19.11.2026 को जारी किया जाएगा।

अधिक जानकारी के लिए कृपया मौसम विज्ञान केंद्र, पटना की वेबसाइट https://mausam.imd.gov.in/patna/ पर जाएँ।